अंजनी का लाला | by Mayank Aggarwal

अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे
जिसने लिया तेरा आसरा उसके संकट को हर डाला रे

संकट मोचन नाम तिहरा शंकर के अवतार
दुष्टों का दिल भय से कांपे सुन तेरी ललकार
हे दयालु हे कृपालु तेरी महिमा अपरम्पार
अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे

सियाराम के सेवक बनकर किये हैं अद्भुत काम
लांघ समंदर लंका उजाड़ी लाये सिया पैगाम
संजीवन तुम लाये गया रावण तुमसे हार
अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे

ना जानू मैं सेवा भक्ति नहीं मुझे कोई ज्ञान
मैं सरल हूँ शरण तुम्हारी देदो मुझको ज्ञान
चरणों में रहूं हर पल दम निकले तो तेरे द्वार
अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-mayank-aggarwal/